>

Title: Need to repair the damaged bridge on the river Ganges in Buxar in Bihar and construct a new alternative bridge there.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : माननीय सभापति महोदय, मैं पहली बार लोक सभा का सदस्य बना हूँ और मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे शून्यकाल में यह विषय रखने का अवसर दिया है। मैं एक महत्वपूर्ण विषय पर आपका और आपके माध्यम से अपनी सरकार का ध्यान भी आकृष्ट करना चाहूँगा। बिहार का जो बक्सर क्षेत्र है, वह विश्वामित्र की पावन धरती है। विश्वामित्र जी की उस धरती पर स्वयं भगवान राम और लक्ष्मण आए और उनको शिक्षा दी गई तथा वहाँ ताड़का का वध भी हुआ था। यह वही धरती है। मैं उसी धरती से जीतकर आया हूँ। वहाँ की समस्त जनता, जिन्होंने हमें आशीर्वाद दिया है, हम उन सब लोगों को प्रणाम करते हैं, हृदयंगम करते हैं।

महोदय, यह विषय इसलिए महत्वपूर्ण है कि बिहार और उत्तर प्रदेश दो राज्यों से संबंध रखता है। बक्सर में गंगा पर जो सेतु बना हुआ है, वह पूरी तरह से बिहार और उत्तर प्रदेश की लाइफलाइन कहलाता है। वह लाइफलाइन आज ध्वस्त हो गई है। पूर्ववर्ती सरकार ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। कितनी बार उसको लेकर आंदोलन हुए। कुछ दिन पहले भी वह टूटा था, अब दूसरा टूट गया। अब पूरी तरह से आवागमन ठप्प हो गया है, उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली गाड़ियाँ पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई हैं। वहाँ का जनमानस जनआंदोलन के लिए उग्र हो रहा । वहाँ ध्वस्त और क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण के साथ-साथ गंगा नदी के बगल में चार लेन का एक दूसरा सेतु भी बने, इसके प्रस्ताव के लिए भी मैं केन्द्र सरकार से आपके माध्यम से आग्रह करता हूँ।